bring down the Ganga of noble thoughts on the practical ground of action. Those are our ideal persons who do not indulge in the desire of fame and who never dream of enjoying the bed of roses.

It is the duty of the distinguished scholars to convince the people about the real values of a thing by inspiring them. It is obvious that everyone likes to choose a valuable thing alone, and if a thing of trivial value is by chance chosen, it is only on account of ignorance on the part of a man who chooses it.

We wish that the distinguished scholars may never cease to perform their duites.

- Yogabhikshu

The material form of universe is semen and the subtle form of semen is universe.

॥ ॐ ॥

॥ तस्य वाचकः प्रणवः ॥

निर्झर झरा को गॅबसे

विश्व अशांति के अति गुप्त कारणों का
मौलिक प्राकट्य

जयनारायण ग्रंथावली

पुष्प – ९

– योगभिक्षु

अनुवादक : मणीभाई पटेल

प्रासंगिक

शांतिप्राप्ति के लिए सभी तड़प रहे हैं, उसके लिए अनेक प्रयोगों और अनेक योजनाओं की आजमाअिश कर रहे हैं। हर व्यक्ति, समाज, देश और राष्ट्र अपने अपने ढंग से स्वयं को जो सच्ची लगे उस पद्धति से दीर्घकाल से शांति प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील हैं। इस पुस्तिका में भी उसके लिए नवीनतम (शायद किसी की दृष्टि से प्राचीनतम) विचारधारा को प्रकट करने का नम्र प्रयत्न किया है। अनेक दृष्टिकोण और अनेक विचारपद्धतियों के अनुसार प्रयोग, विश्व-शांति के लिए हुए हैं और हो रहे हैं। तो, इस पुस्तिकाकथित पद्धति को भी एक बार स्वानुभव की कसौटी पर क्यों न कसा जाय? एक बार इसका स्वानुभव अवश्य करके सत्य-असत्य का निष्कर्ष निकालें ऐसी विनती है सभी विश्व-शांति-प्रेमियों से तथा सर्व धार्मिक, सामाजिक तथा राजनैतिक लोकनायकों से।

भावजगत को भाषाजगत में संपूर्ण और यथायोग्य रीति से उतारना अशक्य ही है। इसलिए, इसमें के अति सूक्ष्म और दिव्य भाव-समाधि-सरिता में से अति स्थूल भाषा-सरिता में उतरे निबंध-निर्झर को—कि जो अति लघु होने पर भी उपयोगिता की दृष्टि से अति महान है उसे—पूर्ण आत्मसात् करने के लिए भावजगत का आश्रय लेना होगा। तब, इसमें प्रकट होने पर भी जो अध्याहार रह गया है (जो भी कुछ भाषा में प्रकट हो सकता है वह सभी अध्याहार का कुछ अंश ही होता है, बड़ा हिस्सा तो अध्याहार होता है) वह स्वयंभू क्रमपूर्वक खुलता जायगा। और जब ऐसा होने लगेगा, अक्षरों और शब्दों के साथ जब मैत्री हो जायगी तब जो समझ निथरेगी वह दिलोदिमाग को अध्याहारी समझ से तरबतर करनेवाली सिद्ध होगी। तब, भावसमाधिस्थ के साथ उसके निदिध्यासी का क्रमपूर्वक अद्वैत सिद्ध होगा।

इसमें लिखित निबंध वितंडा कर के भाषा-युद्ध छेड़ने के लिए नहीं, कि न तो यह तर्क, कुतर्क या दलीलबाजी के दोजख में पड़कर हार-जीत की मनोकामना को पुष्ट करने के लिए। नूतन शांति-पथ के पथिकों, चाहकों, शोधकों तथा जिज्ञासुओं को इसमें से जरूर कुछ अनुकूल प्राप्त होगा ऐसी आशा है।

शोधकों और जिज्ञासुओं आदि को पूर्वग्रह से पीड़ित होना या संकीर्णता में सड़ते रहना पुसायगा नहीं। भूलों को छोड़कर केवल मुख्य ध्वनि को ही जो ग्रहण करती है उस हंसवृत्ति की बलिहारी है सदा सर्वदा।

'योग'-भिक्षा लाया हूँ, 'भिक्षु' बन गुरुद्वार;
मुमुक्षु जरूर पायगा, सब का मुझ में भाग।

सदा सर्व शुभेच्छक—
—योगभिक्षु

मेरा मुझ में कुछ नहीं,
जो कुछ है सो तेरा;
तेरा तुझ को सौंपते,
क्या लगेगा मेरा ?

निर्झर झरा को गैब से

शांति कौन नहीं चाहता ? सभी चाहते हैं। फिर भी सभी जाने-अनजाने ऐसे ही प्रयत्न करते हैं जिससे अशांति बढ़े, सभी के द्वारा ऐसे आचरण ही होते रहते हैं। सच्ची जानकारी के अभाव में चिर-स्थायी शांति के लिए सच्चे प्रयत्न कोई नहीं करता, कोई नहीं कर सकता। यह भी एक, विधि की विचित्रता ही है न !

विश्वशांति के लिए कितना बड़ा शोर सुनने को मिलता है इस समय ! संपूर्ण शांति लानेवाली सच्ची और संपूर्ण जानकारी जब तक प्राप्त न होगी तब तक विश्व को शांति प्राप्त होगी ही कहाँ से ? और तब तक शांति के लिए सभी प्रयत्न और प्रवचन; चर्चा और उपदेश केवल कोलाहल और शोर ही रहेंगे।

सच्ची समझ और उसके अनुसार पूर्ण प्रयत्न के बिना, लाख यत्न से, कि लाख जन्म तक भी शांति प्राप्त नहीं हो सकती। शांति की सच्ची बातों को हमें समझना ही न हो और समझने के बाद उसका आचरण ही करना न हो अथवा उस आचरण करने में हम असमर्थ हों तो ऐसा ही कह सकते हैं कि हमें शांति चाहिए ही नहीं, केवल शांति की बातें ही चाहिए।

व्यष्टि और समष्टि को शांति प्राप्त करने के लिए जिस जानकारी की जरूरत है वह अति गुप्त और रहस्ययुक्त है। उस जानकारी को यहाँ प्रकट करने का नम्र प्रयत्न हो रहा है। यह जानकारी शायद ही कभी प्रकट होती होगी। क्योंकि यह शीघ्र सच्ची लगे ऐसी नहीं है। यदि ऐसा न होता तो शांति कब की ही पैरों में लोटती न होती! "तिनके की आड़ में पर्वत छिपा, देख न पाए कोई!"

वैर, ईर्षा, द्वेष इत्यादि का उत्पत्तिस्थान

सर्व प्रथम तो यह सोचना चाहिये कि वैर, ईर्षा, द्वेष, प्रतिशोध इत्यादि की भावनाएँ वृत्ति में कहाँ से बरस पड़ती हैं? उनका उद्गम स्थान कहाँ है? उनकी सच्ची वजह क्या है? उनका बीजारोपण कहाँ से होता है? यदि बीज ही बोया न जाय तो? 'मूलो नास्ति कुतः शाखा?' परंतु, भोगविलास में लवलीन स्थूल बुद्धि अशांति के बीजारोपणरूप मूल वजह को पकड़ नहीं सकती अतः घानी के बैल की तरह गोल-गोल चक्कर काटकर अपनी ही मूल जगह पर।

केवल — भोग के लिए, विलास के लिए, स्वाद के लिए, प्रयोग के लिए, प्रदर्शन के लिए, मनोरंजन के लिए और ऐसे अनंत प्रकार से, अनंत प्रकार के, अनंत निर्दोष और निरपराध जीवों की हिंसा विश्व में हो रही है। इन सभी जिजीविषायुक्त (जीने की इच्छावाले) जीवों का अकाल संहार हो जाय तब उनकी जिजीविषा का क्या होगा? उनकी जीने की लालसा कहाँ जायेगी? यह कैसे शांत होगी? यह कैसे प्रतिशोध लेगी?

तुलसी हाय गरीब की, कबहुँ न खाली जाय;
मूए ढोर के चामसे, लोहा भस्म होइ जाय।

संहार किये हुए उन जीवों की तीव्रतम विराट-विशाल लालसाएँ कल्पनातीत सूक्ष्म रूप धारण करके समष्टि-विराट आकाश में घुमराती

रहती हैं। कुछ समय ऐसा होने के बाद वे समष्टि--प्राण--विद्युत् के संपर्क में आ कर, अधिक सूक्ष्म होकर, प्राण--विद्युत् के साथ मिलकर उससे एकरूप जैसी हो जाती हैं। व्यष्टि, श्वासोच्छ्वास की क्रिया करते समय श्वास में समष्टि--प्राण--विद्युत् को ग्रहण करता है, कि जिस में अकाल संहार किये हुए जीवों की लालसाएँ मिली हैं। इस क्रम से वे लालसाएँ रुधिर में प्रवेश कर के, वृत्ति में व्याप्त हो कर फिर दिमाग को उत्तेजित कर के वैर, ईर्षा, द्वेष, प्रतिशोध इत्यादि की भावना उत्पन्न कराती हैं और इस भावना के माध्यम से अपने पूर्व के संहारकों का संहार कर के ही, प्रतिशोध लेकर ही चन लेती हैं — लय होती हैं — शमती हैं। उतना होने पर भी जो बची रहती हैं उनका कालान्तर में उतना बड़ा ढेर जमा हो जाता है कि वे प्रलय के बाद ही शांत होती हैं। विश्व--महाप्रलय के प्रेरक बल के रूप में भी वे कुछ अंश में काम करती हैं।

ये सभी अति गूढ़ रहस्य विश्व के विज्ञानियों के लिए एक आह्वान, एक समस्या, एक नूतनतम विचारधारा और नूतनतम दिशाओं के उद्घाटक बनें तो आश्चर्य नहीं। ऐसे तो स्थूल विज्ञान की एक सीमा होती है। मनोविज्ञान अधिक सूक्ष्म होता है और आत्मविज्ञान उससे भी अधिक सूक्ष्म।

किसी को गाली देते हैं या थप्पड़ मारते हैं तो वह हमें गाली देकर अथवा थप्पड़ मारकर ही शांत होता है। पर यदि वह असमर्थ होता है तो बदला लेने के लिए योग्य समय की प्रतीक्षा करता है। योग्य समय प्राप्त होते ही वह बदला लेकर अपनी आग को शांत करता है। किसी भी प्रकार से अपने वैराग्नि को शांत करने की सुविधा की बक्षिश, सिर्फ मनुष्यजीव को अकेले को ही नहीं परंतु सभी जीवों को प्राप्त हुई है। यदि ऐसी सुविधा सभी जीवों को न मिली होती तो ब्रह्मांड का संतुलन डाँवाडोल हो जाता। असंतुलन में संतुलन का नाम विश्व।

अचानक ही महायुद्ध, महामारी और भयंकर विप्लव भड़क उठते हैं उनका प्रेरक बल भी उपरोक्त ही है। जिस क्रम से जीव-हिंसा हुई है उस क्रम से ही उपरोक्त दुखों-त्रासों का जगत पर धावा बोलता है। और इस रीति से जमा-उधार के दोनों पक्ष समान होते रहते हैं।

भोजन कराना नहीं उसे भोजन का आमंत्रण क्यों ?

जिसका कभी विचार नहीं होता ऐसी अति महत्त्व की दूसरी भी एक विचारणीय बात है :-

भोजन के लिए आमंत्रित व्यक्ति का, मुँह तक आया हुआ ग्रास झापड़ मारकर उड़ा देना, अथवा चबाने के बाद निगलने की तैयारी में हो ऐसे उसके ग्रास को मुँह में चम्मच घुसेड़कर वापस खींच लेना उसकी कैसी अमर्याद क्रूर मश्करी है ! हमें मिलते थोड़े आनंद के लिए आमंत्रित की हम कैसी करुणता सर्जते हैं ? आमंत्रित असमर्थ है इसलिए वह हमारी सभी निर्दयता और निर्लज्जता सहन करके मौन चला तो गया परंतु हमारे लिए वह अपने मन में कैसी भयंकर बदले की भावना भरकर गया उसकी अति अल्प भी परवाह किये बिना हम तो फिर से दूसरों की क्रूर मश्करी करने का आनंद लेने की तैयारी में पड़ गये !

जिस को भोजन कराना नहीं है उसको भोजन का आमंत्रण ही क्यों देना चाहिए ? जिसे अवतीर्ण होने देना नहीं चाहते, वह अवतीर्ण होने के लिए तड़पने लगे ऐसा आचरण ही क्यों करना चाहिए ? ये सभी बातें स्वयं समझ में आ जायँ ऐसी हैं फिर भी समझानी पड़ रही हैं इससे पता चलता है कि हम लोग इस समय कैसी विकृत परिस्थिति में जी रहे हैं।

भोग भोगने के रूप में आमंत्रण तो हम दूसरे जीवों को देते हैं पर वे जैसे ही जन्म धारण करने के लिए तैयार होते हैं कि उस समय हम ऐसा कुछ करते हैं कि वे अवतीर्ण ही न हो सकें। यह उनकी महाक्रूर मश्करी है। हम अवतीर्ण हुए और अब कभी न मरें ऐसी

इच्छा रखते हैं । तब फिर और को अवतीर्ण होने से क्यों रोकते हैं ? जिन्हें अवतीर्ण होने से रोकते हैं उनमें कौन कौन होंगे इसका भी हमें पता नहीं है । जिसे हम बहुत चाहते थे और जो हमें बहुत चाहता था वह भी उनमें क्यों नहीं हो सकता ? जिसे बचाने के लिए सर्वस्व बलिदान देने को हम तैयार थे फिर भी जिसे बचा न पाये उसे हम पर अति मोह-ममता रह गई, जिससे वह हमारे यहाँ अथवा हमारे परिवार में आना चाहता है-अवतीर्ण होना चाहता है उसकी भी हम निर्दय मश्करी कर रहे हैं । अपने प्रियतम आत्मीय अपने यहाँ जन्म धारण करने के लिए करुण पुकार कर रहे हैं तब हम उन्हें गटरगंगा में बहाकर आनंद लूटते हैं ! ऐसा क्यों करते हैं ? सिर्फ अपनी अज्ञानता की वजह से । जिन्हें आलिंगन दे कर प्रेम करना चाहते हैं, जिनका चरणस्पर्श कर के पुष्प अर्पित करना चाहते हैं तथा जिनके लिए अपनी चमड़ी के जूते बना दें उतनी त्यागभावना रखते हैं उन सभी को मूर्खता और अज्ञानतावश पैरों तले कुचलकर गोबर और मिट्टी में भटकते छोड़ देते हैं । इन सभी रहस्यों को जानने के बाद तो सावधान होंगे !

भोग भोगते रहें फिर भी किसी को जन्म ग्रहण करने न दें तब स्खलित-स्खरित हुए रज-वीर्य के बीजाणुओं का क्या होगा ? उनका समावेश कहाँ होगा ? वे कैसा स्वरूप प्राप्त करेंगे ?

अनुभवियों का कथन है कि जिन्होंने जन्म ग्रहण किया है उन्हें औरों को जन्म ग्रहण करने से रोकने का कोई अधिकार नहीं । वास्तव में देखा जाय तो भोग भोगते हुए भी, भोग द्वारा जिसका जन्म होने-वाला है उसे रोक रखने की किसी में सामर्थ्य नहीं, यह किसी के वश में नहीं; उस क्षण भले ऐसा लगे कि किसी का जन्म नहीं हुआ । पथ्थर में पड़ा हुआ वृक्षबीज भी अति मंद गति से परंतु पूर्ण दृढ़ता से यथाकाल पथ्थर को तोड़-फोड़कर बाहर झाँकता है ही । मनुष्य की अधम और विकृत वृत्तिने जिनका बलिदान लिया है वे वीर्यबीज,

कि जो एक एक संपूर्ण शरीर हैं वे अनंत रूप धारण करते हैं और अनंत स्थानों में बिखर जाते हैं, फैल जाते हैं। फिर उन (बीजाणुओं) को जो भी कुछ अनुकूल सामग्री और अनुकूल परिस्थिति प्राप्त होती है उसका सहारा लेकर अनंत सूक्ष्मातिसूक्ष्म देहधारी जीवजंतुओं के रूप में और कीटाणु इत्यादि के रूप में अपने आप को वे अभिव्यक्त करते हैं और विकृत मानसधारी अपने जनक से अपने अपने ढंग से बदला लेते हैं जिसे बाद में पीलिया, हैजा, टाइफोईड और मलेरिया इत्यादि अनेक भिन्न भिन्न नाम देशकाल के अनुसार दिये जाते हैं।

मर्यादित और सुसंतति होने पर ही सुखशांति प्राप्त होगी इसमें कोई शंका नहीं। परंतु संतति की व्यापक व्याख्या भी समझना जरूरी है। हम लोग तो केवल पुत्रपुत्रीरूप संतति को ही संतति कहते हैं। स्त्री-पुरुष का सत्त्व, जो विकृत होकर अनंत रूप धारण करके वातावरण में व्याप्त हो गया है वह भी उनकी संतति ही है। इतनी असंख्य और विकृत संतति के मातापिता के नसीब में सुखशांति कहाँ से? मर्यादित और सुसंतति के जब सच्चे अर्थ में मातापिता बनेंगे तभी सुखशांति के अधिकारी होंगे। **ऐसे भाग्यशाली अधिकारी होने के लिए संयमी जीवन जीना पड़ेगा।** यदि सभी संप्रदाय, समाज और राज्यसत्ता की ओर से संयमी जीवन का प्रचार और प्रसार हो, उसे प्रतिष्ठा और मानसम्मान प्राप्त हो तो सामान्यजनों के लिए भी संयमी जीवन जीना कठिन है ही नहीं। संयमी जीवन जीने में खोने का कुछ भी नहीं और प्राप्ति अनमोल है। जिन विचारों के आचरण और प्रकटन होने से पूर्वकाल में समाज में उल्कापात-सा मच जाता था और जिन्हें महापाप समझा जाता था उन्हें, दीर्घकालीन राज्याश्रय प्राप्त होने से वर्तमानकाल में वे सभी पूर्ण स्वाभाविक लगते हैं और इनाम के योग्य मान लिये जाते हैं, तो यदि सभी प्रकार का और सभी पक्षों का बल प्राप्त होगा तो संयमधर्म स्वाभाविक और सरल क्यों न लगेगा? **असंयमी जीवन का प्रयोग यदि अब समाप्त हुआ हो तो**

संयमधर्म को स्वीकारेंगे-आचरेंगे। ऐसी पहल मरजीवे ही कर सकते हैं और करा सकते हैं।

गर्भाधान समय की भावना बदलने से विश्व बदलेगा

जो पुरातन काल का गिना जाता था और इसलिए कपोलकल्पित माना जाता था वह अर्वाचीन काल में भौतिक विज्ञान द्वारा भी साबित हो चुका है कि गर्भस्थ शिशु पर उसके मातापिता के आहार, विहार, विचार, वाणी और वर्तन इत्यादि का गहरा असर पड़ता है और चिरस्थायी टिकता है। शोधकर्ताओं ने तो स्वानुभव से यहाँ तक निश्चित कर लिया है कि गर्भावस्था दरमियान खास प्रकार के आहार-विहार के पालन और आवश्यक चौकसी बरतने से नवजात शिशु के स्थूल शरीर को भी मनचाहे रूप-रंग प्रदान किये जा सकते हैं। इसीलिए तो ऋतुदान अर्थात् आधान (बीजारोपण) से पहले और उस क्षण पर निश्चित विधि का आचरण करना ऋषिमुनियों के मतानुसार अनिवार्य था। ऐसा आचरण करने से मनचाही संतति प्राप्त की जा सकती थी।

प्रजा उत्पन्न करने की क्रियाविधि के लिए 'ऋतुदान' शब्द का प्रयोग हुआ है, यह बहुत उचित है। 'ऋतु', 'दान' और 'ऋतुदान' इन तीनों शब्दों में गंभीर और अत्यंत उपयोगी अर्थ भर दिये हैं। इन शब्दों के चिन्त-मनन से 'सुसंतति विज्ञान' के बारे में बहुत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इनमें 'दान' शब्द अत्यंत सूचक है। 'दान' शब्द में यह सूचना गूँथ दी गई है कि 'दान कर रहे हैं, समाज के लिए न्योच्छावर हो रहे हैं' ऐसी वृत्ति-भावना उस क्षण होनी चाहिए। महा प्रयत्न से एकत्र की हुई पूंजी समाज के भले के लिए दान कर देना है, मानववंशतंतु निरंतर चलता रहे इसलिए अपनी ओर से भी एक अंजलि प्रदान करना है। 'भोग' भोग रहे हैं' ऐसी मनोवृत्ति से नहीं परंतु 'भोग' (बलिदान) दे रहे हैं' ऐसी भावनापूर्वक जब प्रजोत्पत्ति होने लगेगी तब दुनिया कुछ और ही होगी।

पुराणों में एक रहस्यपूर्ण कथा है, जिसमें कहा गया है कि

दधीचि ऋषि की हड्डियों से बने शस्त्र से देवगण असुरों पर विजय प्राप्त करते हैं ।

देव भोगी हैं । संयम के बिना असुरों पर विजय पाई नहीं जा सकती । इसलिए सब देवता संयम के स्वामी दधीचि ऋषि से उनकी हड्डियों की याचना करते हैं । समाज के हित के लिए बहुत खुशी से अधिकारी को ऋषिजी अपने प्राणसम संयमनिधि का दान कर देते हैं ।

हड्डियाँ मानी क्या यह रहस्य कुछ ध्यानस्थ होकर सोचने से समझ में आ जाता है । इस कथा का प्रमाण देकर धूर्त लोग अपनी काम-वासना की तृप्ति करने के लिए भोली प्रजा को आकर्षित न कर सके इस आशय से उपरोक्त कथा में पुराणकारने 'हड्डियाँ' शब्द का प्रयोग किया है । आयुर्वेद की दृष्टि से शरीर सात धातुओं(तत्त्वों) का बना हुआ है । यथा – रस, रक्त, माँस, मेद, हड्डियाँ, मज्जा और शुक्र (वीर्य) । हड्डियाँ धातु, वीर्य धातु के बहुत नजदीक है । इस पर से भी हड्डियाँ मानी क्या इसकी कल्पना की जा सकती है ।

भूमि में बोया हुआ बीज ही परिवर्तित हो वृक्ष बनता है । जिस जाति का बीज, उस जाति का वृक्ष बनता है । बीज अनेक हैं, भूमि एक है । अनुकूल – प्रतिकूल भूमि का असर बीज पर जरूर पड़ता है । कोई भूमि तो ऐसी होती है जहाँ बीज अंकुरित ही नहीं हो सकता । भूमि एक होने पर भी भिन्न भिन्न बीजों के कारण भिन्न भिन्न वृक्ष और भिन्न भिन्न स्वादयुक्त उनके फल होते हैं ।

स्त्रीतत्त्व भूमि है और पुरुषतत्त्व बीज है परंतु जीवकी तुलना से पुरुषतत्त्व भी भूमि है । न्यूनाधिक विकास या न्यूनाधिक स्वाद भूमि पर जरूर आधारित है ।

ब्रह्मगर्भ में स्थित सूक्ष्मातिसूक्ष्म जीव क्रमशः अपनी सूक्ष्मता का त्याग करता हुआ पृथ्वी तक आ पहुँचता है तब तक उसके अनेक जन्म हो चुके होते है । पुरुष अर्थात् पिता के शरीर में उसका प्रवेश उसका प्रथम स्थूल जन्म है । यहाँ से वीर्य के माध्यम उसका दूसरा

जन्म स्त्री अर्थात् माता के शरीर में गर्भाशय में होता है । शरीर धारण करके वह पृथ्वी पर जब प्रकट होता है यह उसका तीसरा स्थूल जन्म है । और उसकी योग्य वय होने पर उसके उचित संस्कार होना उसका 'संस्कार जन्म' कहलाता है जिसे लोगों में दूसरा जन्म गिना जाता है अतः उसे द्विज भी कहते हैं ।

वर्तमान वायुमंडल के असर के कारण स्त्री-पुरुष के मन में-वृत्ति में निरंतर यह रट लगी रहती है कि "बालक नहीं चाहिए, नहीं चाहिए ।" इस मनोरटाई दरमियान ही गर्भाधान (बीजारोपण) हो जाता है और इसके बाद बालक का जन्म होता है ।

यदि मनजीभाई के मन में सतत ऐसा हो कि मूलजीभाई नहीं चाहिए; वे मेरे घर न आवें, तो फिर मूलजीभाई को मनजीभाई काहे को चाहिए ? फिर तो मूलजीभाई को मनजीभाई के प्रति प्रेमभावना-स्नेहभावना कहाँ से होवे ?

नहीं चाहिए फिर भी आ गया है ऐसे बालक को अपने मातापिता के प्रति स्नेह-प्रेम होगा ही कैसे ? बोते समय ही जिस बीज में जहर घुल गया हो उस बीज के पेड़ से किस प्रकार के फल की आशा रखी जा सकती है ? गर्भाधान काल में ही जिस पर निष्ठुरता-निर्ममता के संस्कार पड़े हों, जिसके स्थूल-सूक्ष्म शरीर की गठन ही बिना स्नेह-प्रेम हुई हो, उसके मातापिता उससे स्नेह-प्रेम, ममता पायेंगे ही कैसे ? और फिर तो कुटुंब में सहकार व संगठन रहेंगे कैसे ? यदि बगैर संगठन व सहकार के परिवार बढ़ते ही जायेंगे तो फिर जगत में सुख-शांति रहेंगे कैसे ? परिवारों से समाज बने हैं, और समाजों से जगत ।

संस्कार पवित्र पड़े इसलिए नवजात शिशु को घुट्टी (जन्म होने पर बालक को पिलाया जाता मीठा पेय) भी किसी पवित्र व्यक्ति के हाथ से पिलाने का आग्रह रखा जाता था । यह विधि बहुत सूचक है । जिसके हाथ से घुट्टी पिलाई जाती है उसके संस्कार यदि बालक पर

जन्म के बाद भी पड़ सकते हैं तो फिर "नहीं चाहिए" के संस्कार कितने खतरनाक पड़ सकते हैं यह आसानी से समझ में आ सकता है।

पीछा करते कुत्तों से बचने के लिए खरगोश सरपट भागता है। किन्तु जब उसे ऐसा लगता है कि कुत्ते उसे अब पकड़ ही लेंगे तब वह अपनी आँखें अपने लम्बे कानों से ढक कर एक जगह बैठ जाता है और यह मानने लग जाता है कि मुझे कुत्ते नहीं दिखाई देते तो कुत्ते भी मुझे नहीं देख सकते होंगे! लेकिन इससे कुत्ते उसे छोड़ नहीं देते। इसी प्रकार—

इन्द्रियाधीन भोगासक्त मनुष्य जब भोग छोड़ने की बात सुनता है तब व्याकुल हो उठता है और बचाव में यह कहने लगता है कि "ये सब बातें तो पुरानी सदियों को वर्तमान में लाने के समान हैं।" क्या ऐसा कहने मात्र से आपत्तियों से छुटकारा होगा?

अणुपरमाणु और रासायणिक युद्धों को टाल सकने के बाद भी उपरोक्त सच्ची जानकारी के बिना और उसके अनुसार आचार के बिना शाश्वत शांति प्राप्त होगी नहीं। अनंत रोगों, विकारों, त्रासों, हिंसा आदि के जो बीज हैं उन्हीं की वजह विनाशक खोजों की स्फुरणा भी होती है, वे ही विनाशक खोजों का प्रेरक बल भी हैं। इनके कारण विवेक का इतना नाश हो जाता है कि उस समय इतना ध्यान भी नहीं रहता है कि अपनी खोजें अपना ही नाश कर देंगी। खोजों को अपना-पराया जैसा कुछ नहीं!

निराश और हतोत्साह करने के लिए इन सभी बातों को दोहराई नहीं जातीं परंतु सच्ची और पूर्ण तैयारी के साथ, अशांति के असल कारणों से युद्ध खेला जा सके इसलिए यह सब कहा जा रहा है।

अहिंसा परम धर्म क्यों?

अहिंसा को 'परम धर्म' कहा है। अहिंसा ही परम धर्म किस-लिए? उसमें ऐसी कौन-सी खूबी और विशेषता है? हिंसा ही सभी

त्रास, ताप, दुख और अशांति की जड़ क्यों कही जाती है? क्योंकि एक व्यक्ति द्वारा आचरित हिंसा से उत्पन्न अशांति क्रमपूर्वक बढ़कर गाँव, देश, राष्ट्र और विश्व तक–विश्वअशांति तक–पहुँच जाती है। और एक व्यक्ति का अहिंसा का पालन विश्व को अशांति से अनायास ही बचा लेता है। इसलिए अहिंसा 'परम धर्म' है। इस बात को निम्नोक्त दृष्टांत से समझेंगे :—

सुखीलालने दुखीराम का अपमान किया। इससे दुखीराम को भी सुखीलाल का अपमान करने का दिल हुआ। पर वह असमर्थ होने से उसे मजबूरी से अपमान का कडुआ घूँट निगल जाना पड़ा। इससे उसके मन में बदले की और वैर की भावना उत्पन्न हुई और वह भावना दिल के एक अगोचर कोने में स्थिर हुई–संग्रहित हुई। जैसे जैसे समय व्यतीत होता गया वैसे वैसे वह वैरभावना–वह बदले की वृत्ति पुष्ट और विशाल होती चली और अनुकूलता मिलते ही, जैसे दबी हुई स्प्रिंग छटकती है वैसे छटककर उस वृत्तिने सुखीलाल पर ब्याज के साथ वसूली का धावा बोल दिया। दुखीरामने सुखीलाल का अपमान भी किया और उसे शारीरिक कष्ट भी पहुँचाया। उससे सुखीलाल के सारे परिवार के मन में दुख हुआ। फलतः वे सभी हिंसा का बदला हिंसा से लेने के लिए समय की अनुकूलता की राह देखने लगे। अनुकूलता प्राप्त होते ही उन सभीने मिलकर दुखीराम का हाथ काट डाला जिससे दुखीराम के सारे परिवार और उसके सभी स्नेही मित्रों के मन में सुखीलाल के परिवार के प्रति वैरवृत्ति उत्पन्न हुई। मौका मिलते ही उन सभीने मिलकर प्रतिपक्षी परिवार को बहुत बडा नुकसान पहुँचाया। इससे एक गाँव में दो बड़े परस्पर विरोधी पक्ष हो गए। दोनों पक्षों में से कोई समाधान न कर सका, न वैर को विस्मृत करने की उदारता की पहल कर सका, न क्षमा करने की शूरवीरता दिखा सका। इससे वह व्यक्तियुद्ध क्रम से बढ़ता हुआ गाँव, देश, राष्ट्र और विश्वयुद्ध तक पहुँच गया और इससे हिंसा, त्रास, दुःख और अशांति का संहारतांडव मच गया।

हिंसा के चलते हुए चक्र को स्थंभित करने की पहल सच्ची समझ के बिना नहीं हो सकती। सच्ची समझ के अनुसार आचरण करने के लिए सहनशक्ति की जरूरत पडती है। **सच्ची समझ और सहनशक्ति जिसमें है वही वास्तव में शक्तिशाली है**; चाहे वह व्यक्ति, देश या राष्ट्र हो। उपरोक्त दृष्टि से विचार करने से पता चलता है कि एक व्यक्ति की हिंसा पूर्णरूप से विश्वयुद्ध तक पहुँचा देती है और एक व्यक्ति की अहिंसा विश्वयुद्ध का भी शमन कर सकती है। ऐसा है अहिंसा का कमाल ! ऐसा है अहिंसा का चमत्कार ! इसलिए तो अहिंसा 'परम धर्म' है। **किसी भी प्रकार के भेदभाव के बिना, सभी पालनकर्ताओं को जो परम शांति प्रदान करता है वही 'परम धर्म' है।**

वैर से वैर का शमन नहीं होगा ; जब भी होगा तभी प्रेम से ही होगा। कभी न कभी यह सत्य समझना ही होगा और समझ के अनुसार आचरण करना ही होगा। सिवा इसके कभी शांति प्राप्त नहीं होगी। सिवा इसके अन्य प्रयत्न पूर्ण असफल होते देखने में आये हैं।

शायद उपरोक्त सत्य अप्रिय लगेगा। महानुभावों का कथन है कि प्रिय सत्य बोलना चाहिए। परंतु सत्य प्रिय हो अथवा अप्रिय, तो भी वह हरदम कल्याणप्रद ही है। पानी से ही प्यास बुझेगी, मृगजल से कभी नहीं।

इस हिंसा आदि के बारे में ऐसे भी विचार आ सकते हैं कि :-

"हम तो क्षमा और उदारता की पहल करें परंतु विरोधी पक्ष उसे हमारी कमजोरी समझकर हमें त्रास देता ही रहे तो इससे तो उसकी हिंसावृत्ति को ही उत्तेजन मिलेगा !" इत्यादि।

ऐसे विचार करना मन का स्वभाव है, ऐसे तर्क होते रहें ऐसी दिमाग की रचना है। परंतु ये दोनों—मन और दिमाग—हृदय से

निम्न कोटी के हैं । हृदय कुछ दूसरा ही कहता है । प्रतिपक्ष का जब तक हमारे पास लहना निकलता होगा तब तक ही वह हमारी उदारता और क्षमा का प्रतिभाव नहीं देगा । उसका लहना पूरा होते ही योग्य और अनुकूल प्रत्युत्तर मिलेगा । हिंसा से हिंसा ही भड़कती है तो अहिंसा से अहिंसा क्यों न सिद्ध होगी ? क्यों न प्राप्त होगी ? ऐसी बातें करनेवाले हमारे जैसे बहुत और ऐसी बातें सुननेवाले और पढ़नेवाले आप के जैसे बहुत, चाहे उसका-पालन-आचरण न कर सकें इससे वास्तविकता, अवास्तविकता नहीं हो शकती।

शीघ्र या देरी से 'अप्रिय सत्य' किसी को तो कहना ही पड़ेगा । तो, जितना शीघ्र कहा जाय उतना शीघ्र श्रेय ।

जीवहिंसा और जिजीविषा

विचित्र खोजों द्वारा खोजी हुई अनंत प्रकार की **हिंसोत्पादित** दवाओं से मारक रोगों को दबाने का प्रयत्न दीर्घ काल से हो रहा है । फिर भी एक भी रोग पूर्ण रूप से दबा हो या वश में आया हो ऐसा देखने में नहीं आता । किसी दवा से किसी रोग का वश में आना अल्प समय के लिए प्रतीत होता है पर कुछ ही समय के बाद जब दूसरा उग्र और असाध्य रोग सर उठाता है तब पता चलता है कि पूर्व का रोग काबू में आया नहीं, परंतु केवल रूपांतरित हुआ है-दूसरे नाम से प्रकट हुआ है । मलेरिये में से टाइफोईड और उसमें से पीलिया; और पीलिये में से हैजा और उसमें से क्षय, और क्षय में से केन्सर और उसमें से दूसरा, तीसरा, चौथा और रोगों की अनंत कतार ।

रोग काबू में आयेगा कैसे ? औषधि बनाने के लिए और हरदम सुखी, युवा तथा काम-वासना-भरपूर रह सकें इसलिए प्रयोगों के पीछे जीवसंहार करने में क्या पीछे मुड़कर देखा जाता है ? हिंसा से उत्पन्न हुई वर्तमानकालीन औषधियाँ जिस काल में न थीं तब सभी क्या

करते थे ? तब क्या रोग मिटते ही नहीं थे ? उस समय क्या कोई बुद्धिमान ही नहीं था ? उस काल में भी कोई अजर-अमर नहीं था और इतनी खोजों और अमर्याद जीवसंहार के बाद, वर्तमानकाल में भी कोई अजर-अमर होता नहीं है। तो फिर क्यों ऐसा निष्ठुर जीवसंहार ? !

सभी के जीवन के लिए अति अनिवार्य खेती में भी मजबूरी से जो जीवहिंसा होती थी उससे मुक्त होने के लिए उत्पादन का कुछ हिस्सा दान, धर्म, पुण्य में व्यय करने का विधान पूर्वकाल में था। पूरे दिन की दिनचर्या में जाने-अनजाने जो हिंसा होती थी उससे मुक्त होने के लिए ब्रह्मयज्ञ, देवयज्ञ, पितृयज्ञ, अतिथियज्ञ और भूतयज्ञ इत्यादि पाँच महायज्ञों का विधान पूर्वकाल में था। इन सभी बातों से पता चलता है कि जीने के लिए अति अनिवार्य कार्यों में भी जो हिंसा होती थी उसके लिए भी लोगों के दिल में कितनी पश्चात्ताप की भावना होती थी। जब तक अशांति की जड़ में पानी सींचा जायगा और केवल डाल-पत्ते ही काटे जायेंगे तब तक अशांति जायेगी कैसे ?

ऐसी सभी बातें शायद घड़ी की सुइयों को उलटी दिशा में घुमाने जैसी लगती होंगी ! अरे भाई, परंतु पहले घड़ी होती थी कहाँ ? सूर्य के उदय-अस्त से ही समयनिर्धार का सभी कार्य का मौज से चलता था। घड़ी आई और विकृति लाई ! घड़ी के सांनिध्य का स्वीकार किया और सूर्यनारायण के सांनिध्य को गँवा दिया ! सूर्योदय के समय से कार्य प्रारंभ करने की व्यवस्था थी तब सूर्य के प्राणप्रद कोमल किरणों का भरपूर लाभ अनायास ही मिल जाता था। भिन्न भिन्न ऋतुओं में सूर्योदय और सूर्यास्त का समय बदलता रहता है। अतः घड़ी के समय के साथ कार्य करते रहने से सूर्यामृत के लाभ से वंचित रहते हैं।

अनेक प्रयोगों से यह सिद्ध हो गया है कि जिन जिन जंतुओं का सौम्य दवाइओं से भी नाश हो सकता था वे अब तीव्र दवाइओं से भी

टस से मस नहीं होते। जैसे जैसे तीव्र दवाइओं का उपयोग होता गया वैसे वैसे जीवजंतु भी अधिक सहनशील होते चले ! ऐसा ही होगा। जिजीविषा का नाश किसी से भी कभी नहीं होगा। जिजीविषा के नाश का संकल्प करनेवाला स्वयं अपने नाश को निमंत्रित करेगा।

अपने पैरों के ऊपर कुल्हाड़ी मारनेवाले को कौन रोक सकेगा ? क्योंकि रोकनेवाले को शायद कुल्हाड़ा का घाव खाना पड़ेगा ! घाव खाने की मूर्खता कौन करेगा ? किसी को तो करनी ही पड़ेगी।

योग — साधना, प्रचार और विश्वकल्याण

इतने प्रयत्न करने पर भी यदि भौतिक शांति भी हाथ नहीं लगती तो सच्ची-तात्त्विक-आध्यात्मिक शांति की तो आशा ही कैसे कर सकते हैं ? योगजिज्ञासु, योगसाधना का प्रारंभ करते ही भौतिक शांति का अनुभव करने लगता है। क्योंकि योगसाधना के अंग-उपांगो का पालन ही, पालनकर्ता को शांति जल से स्नान कराता है। यम-नियम के पालन के बिना आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि में प्रवेश नहीं हो सकता। अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और असंग्रह को 'यम' कहते हैं तथा पवित्रता, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वरशरणागति को 'नियम' कहते हैं।

सत्संपत्ति और सद्गुणों के आचरण के बिना सुखी नहीं हो सकते। पूर्ण सुखी होने के लिए जितने सद्गुणों और सत्संपत्ति की आवश्यकता है उन सभी का समावेश 'यम' और 'नियम' में कर दिया है। दूसरे जब हमें कहें कि "तुम सुखी हो" तभी हमें अपने सुख का पता चले इससे बढ़कर और क्या कमनसीबी है ? और यदि तब भी हमें अपने सुख का पता न चले तो...?! तो...?! तो उसके वर्णन के लिए शब्द नहीं।

योगप्रचार और योगाभ्यास के द्वारा विश्वशांति लाने के पक्षकारों को बहुत कुछ करना और समझना है। यदि वे यम-नियम के बारे में

इतनी और ऐसी समझ विश्व को दे सकें कि जिससे विश्व को यम-नियम-कथित आचरण करने में दिलचस्पी हो जाय, तो विश्वशांति हस्तामलकवत् है ऐसा कहना अतिशयोक्ति नहीं। योग के उपरोक्त उपांगो के पालन से मिलनेवाली शांति प्राप्त करने के बाद ही, उसके द्वारा ध्यान, धारणा और समाधिजनित आत्यंतिक शांति को प्राप्त करना है।

पर उपदेश कुशल बहुतेरे,
आचर ही तो नर न घनेरे।

सिर्फ उपदेश ही नहीं परंतु उसके अनुसार आचरण करनेवालों की वर्तमानकाल में सख्त जरूरत है। "आचारो प्रथमो धर्मः।" सद्आचरण और सद्वर्तन करना यह प्रथम और मुख्य धर्म है। अपने उपदेश के अनुसार अपना वर्तन रखनेवालों को आकस्मिक, बहुत बड़ी तथा कुदरती सहाय मिलती रहती है। पुष्प अपनी सुगंध का प्रचार कभी नहीं करता; वह तो केवल सुगंधयुक्त होने का ही प्रयत्न करता है। उसकी सुगंध के प्रसार के कार्य की जिम्मेवारी तो भगवानने अपने दूत वायु को सुपुर्द कर दी है। अर्थात् वायु द्वारा पुष्प-सुगंध चौदिश फैलती रहती है।

उपदेश के अनुसार आचरण रखना यह योग के द्वारा विश्वकल्याण करने का एक प्रभावशाली और सफल साधन है यह बात अचूक याद रखने जैसी है।

विश्वशांति के प्रयत्न करते हुए भी यदि निष्फल जायेंगे तो सर्व का संहार निश्चित है ही। परंतु विश्वशांति के प्रयत्न करनेवालों को इतना तो संतोष, इतनी तो तृप्ति जरूर होगी कि "हमने प्रयत्न तो किया था।"

सत्य का आचरण चाहे कठिन होगा परंतु सफलता तो सत्याचरण को ही प्राप्त होती है। जो पद्धति सफलता दे सकती है वह चाहे कितनी भी कठिन हो तो भी उसे सफलता की तुलना में कठिन नहीं कह सकते। सच्ची पद्धति के अनुसार आचरण कर सकें उतने हम

समर्थ न हों, केवल इसीलिए, सच्ची पद्धति की निंदा नहीं करनी चाहिए, न उस ओर दुर्लक्ष करना चाहिए। सच्ची पद्धति का प्राप्त होना यह सफलता का प्रथम चरण है और उसका अपने मनमें "सत्य के रूप में स्वीकार होना" यह सफलता का दूसरा चरण है।

जो कुछ 'सत्य' के रूप में अपने अंतर में अपने विचारों में स्थिर हुआ होगा, जमकर दृढ़ हुआ होगा, वही शीघ्र या देरी से आचार भूमिका पर ऊमड़ आयेगा, ऊभर आयेगा। क्योंकि विचार की दूसरी भूमिका आचार है। प्रचार और प्रसार तो विचार की तीसरी और चौथी भूमिका है। जो सच्ची पद्धति शांति प्रदान कर सकती है उसके दर्शन करनेवाले और उसके द्वारा जिनको भी दर्शन हो उन सभी को उस पद्धति को पूर्ण दृढता से अपने हृदय में स्थापी रूप से स्थान देना अति आवश्यक है। तभी, जब अनुकूलता प्राप्त होगी तब उसका आचरण करने के लिए तैयार होंगे।

विज्ञानी और ऋषि

जहाँ विज्ञानी के विज्ञानक्षेत्र की सीमा समाप्त होती है वहाँ से ऋषि के ऋतक्षेत्र की सीमा का प्रारंभ होता है। विज्ञानी अर्थात् बिना ज्ञानयुक्त-अज्ञानी। संतोष प्राप्त हो जाय इतना और ऐसा सुख विज्ञानी को अपनी खोजों द्वारा मिलता ही नहीं; ताकि उसे नयी नयी खोजें हरदम करनी पड़ती हैं। इसलिए यहाँ विज्ञानी का अर्थ अज्ञानी किया है। एड़ीचोटी का पसीना एक करके भी जो सुख-संतोष प्राप्त नहीं कर सकता उसे ज्ञानी कैसे कह सकते हैं? उसे विज्ञानी – विशिष्टज्ञानी ससीमज्ञानी भले ही कोई कहे पर उसे ज्ञानी कहना मजाक-सा प्रतीत होता है।

ऋषि अर्थात् ऋतयुक्त अर्थात् सत्य को देखनेवाला-जाननेवाला, उसके अनुसार आचरण करनेवाला।

विज्ञानी अथक परिश्रम करके अनंत खोजें करता है। खोजों के द्वारा उसकी इच्छा सुखी होने की है। "भौतिक खोजों और सिद्धियों

के द्वारा सुखी नहीं हो सकते " ऐसा ज्ञान–इतना ज्ञान उसको नहीं है। अपनी खोज में किसी अनजान और अप्रचलित नियम की जानकारी होती है तब विज्ञानी वहाँ रुक जाता है; उसका आस्वाद पाने के लिए और उसे जानने के लिए वह वहाँ ठहर जाता है; उस की एकाग्रता वहाँ टूट जाती है। फलतः उसकी एकाग्रता आखिर के परिणाम तक नहीं पहुँच पाती। समुद्रमंथन में आखिर को जहर ही निकला था। आखिर के तल में पड़े हुए जहर की झाँकी हो सके इतनी एकाग्रता की सामर्थ्य विज्ञानी में नहीं है। इसलिए अपूर्ण एकाग्रता से खोजे हुए सुखों में–सुखों की लालसाओं में वह पुनः पुनः दुखी होता है और दुखी करता है। उसके इस कमनसीब क्रम का कभी अंत नहीं होता।

अपूर्ण खोज से सुखी होने के लिए जिस जगह विज्ञानी ठहरता है, ऋषि वहाँ ठहरते नहीं, उनकी एकाग्रता वहाँ भंग होती नहीं। ऋषि की एकाग्रता आखिर के परिणाम से कुछ आगे निकल जाती है। अपूर्ण एकाग्रता द्वारा प्राप्त रहस्यों को-सुखों को ऋषि, जगत के संमुख रखते नहीं। ऊपर ऊपर से सुखप्रद प्रतीत होते समस्याओं, प्रकरणों और रहस्यों के आखिरी छोर तक पहुँच कर ऋषि समझ लेते हैं कि " ये सुख आखिर में दुखदाता ही हैं। " इस ऋत को–इस सत्य को ऋषि अपनी सामर्थ्ययुक्त एकाग्रता से जान लेते हैं। ऋषि और विज्ञानी में सिर्फ इतना ही फर्क है। थोड़ा--सा दिशापरिवर्तन करने पर विज्ञानी को ऋषि बनने में देर नहीं लगती।

अपूर्ण ऋषि विज्ञानी कहाता है और पूर्ण विज्ञानी ऋषि कहाता है। अर्थात अपूर्ण शोधक विज्ञानी और पूर्ण शोधक ऋषि।

ओम्...ओम्...ओम्....

हम कहना चाहते हैं कि :-

युवावर्ग यदि योग में रस लेने लगेगा तो विश्व का बड़ा कल्याण होगा ।

(१) क्षणजीवी और दीर्घजीवी सुखशांति के फर्क को परखने की कुशलता प्राप्त हो और

(२) सहनशक्ति प्राप्त कराकर शक्ति के बहुत बड़े भंडार को दुर्व्यय होने से बचा सके; तो कल्याण के बहुत करीब पहुँच जायेंगे ।

तो उपरोक्त दोनों दिव्य उद्देश्यों की पूर्ति दीर्घ काल के योगाभ्यास से हो सकती है । दीर्घकाल के योगाभ्यास की प्रेरणा और श्रद्धा गुरुजनों, संतजनों और योगाचार्यों से प्राप्त हो सकती हैं ।

पूर्व और पश्चिम दोनों, विज्ञान के विलास से उत्पन्न असंतोषरूपी महाअजगर की भीषण लपेट में कुचले जा रहे हैं । योगरूपी अमोघ सँड़से द्वारा योगीगुरु ही उसमें से उन्हें मुक्त करा सकेंगे । वह अजगर सभी का चूर्ण बना दे उससे पहले सावधान हो सकें तो अच्छा ।

वैचारिक गंगा का अवतरण, क्रियात्मक, प्रयोगात्मक भूमिका पर जो करा सकें ऐसे सुभटवीर भगीरथों की और मरजीवाओं की वर्तमान काल में सख्त जरूरत है; कि जिन्हें सपने में भी न लोकेषणा में राचने की और न तो सुखशैया में लोटने की इच्छा हो।

प्रेरणा दे कर वस्तु की असल क़ीमत समझा देने का फर्ज़ विशेषज्ञों का है। सभी क़ीमती वस्तु ही पसंद करते हैं; कम क़ीमत की चीज यदि पसंद हो जाती है तो उसकी वजह है क़ीमत की जानकारी की अज्ञानता।

विशेषज्ञ अपने कर्तव्य-पालन में अविराम हो।

—योगभिक्षु

Prem (Love)	-A Criterion of sacrifice
Samarpan (offering)	-An act of getting rid of self ego
Dhyan (concentration)	-Concentration to realize the latent abilities and capacities
Laghu	-One who is not BIG
Guru	-One who is BIG. One who is above narrowness of all types